नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप देना हमारी प्राथमिकता:कुलपति

बोले वीसी

- महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय का हुआ सत्रारंभ
- काशी विद्यापीठ के कुलपति भी मौके पर रहे मौजूद

आजमगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ में नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप में लाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मंगलवार को एक भव्य समारोह के बीच सत्र आरंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा पीके शर्मा ने ये बातें बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पठन पाठन का बेहतर माहौल देना हमारी सफलता होगी। कहा कि इस विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति का समावेश हो इसका भी हमें ध्यान रखना होगा। इस दौरान उन्होंने शैक्षिक सेमिनारों के लगातार आयोजन पर बल दिया।शिब्ली नेशनल पीजी कालेज में आयोजित हुए इस समारोह के दौरान नई शिक्षा नीति, महाविद्यालयों द्वारा नैक ग्रेडेशन कराने तथा नये सत्र में विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के नये विजन के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया गया। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय शिक्षक संघ आजमगढ़ तथा मऊ द्वारा स्थानीय शिबली नेशनल महाविद्यालय द्वारा यह समारोह आयोजित किया गया।



शिब्ली डिग्री कालेज के परिसर में महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के सत्रारंभ के समारोह में मुख्यंतिथि दाएं से क्रमश पूर्व न्यायाधीश शमशाद अहमद, कुलपति प्रो प्रदीप कुमार शर्मा,कुलपति प्रो. एके त्यागी को माला पहनाकर स्वागत करते लोग।

इसके पहले शाम पांच बजे समारोह का शुभारंभ मुजीबुर्रहमान द्वारा तिलावते कुरान पाक से हुआ,तत्पश्चात विद्वत मंच द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह की अध्यक्षता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रोफ़ेसर एके त्यागी ने की। संचालन डीएवी डिग्री कॉलेज आजमगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पंकज सिंह एवं शिबली नेशनल महाविद्यालय इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अलाउद्दीन खान ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ जौनपुर के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह ,पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शमशाद अहमद, शिवली नेशनल महा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अबूसाद शम्सी मौजूद रहे। समारोह के 14 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति डॉ मोहम्मद हसीन खान, डॉ जगदंबा प्रसाद दुबे, डॉ अतुल यादव, डॉ अजीत राय, डॉ प्रदीप राय ,डॉ दिनेश सिंह ,डॉ मोहम्मद खालिद ,डॉ संजय यादव,डा आदर्श मिश्रा, डॉ हरिलाल ,डॉ देवेंद्र सिंह ,डॉ अलाउद्दीन,डा रामजी वर्मा द्वारा सम्मानित मंच को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। डॉ जावेद अली द्वारा लिखित पुस्तक अल्लामा शिबली के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी कलाकृति सम्मानित मंच को समर्पित किया गया।

इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान श्री शिवाजी पीजी कॉलेज,तेरही शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार द्विवेदी,पूर्व प्राचार्य दुर्गा प्रसाद अस्थाना, डॉ सुचिता श्रीवास्तव, शिब्ली नेशनल पीजी कालेज के वीके सिंह, डॉ सुजीत श्रीवास्तव, डॉ अहमद अली, डॉ एहतेशयामुउल हक, डॉ जे पी मिश्रा, डॉ मुकर्रम अली, डॉ मुनीर, डॉ एस जेड अली जिम्मी डा सुल्तान अहमद एवं आजमगढ़- मऊ जिले के तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।